काल बनकर आया डंपर, एक जिंदगी लील गया

खास बातें

- 16 वर्षीय किशोर की मौत
- हादसे के बाद लोगों का हंगामा
- सुरक्षा व्यवस्था और भारी वाहनों पर नियंत्रण की उठी मांग

नवभारत न्यूज

विदिशा 19 जुलाई, शहर के टीलाखेड़ी क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई. निर्माणाधीन निजी स्कूल परिसर से मुरम खाली कर बाहर निकल रहे डंपर ने बाइक सवार किशोर को टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल किशोर को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

मृतक की पहचान नितिन कुशवाह (16), पिता मनोहर कुशवाह, निवासी टीलाखेड़ी के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नितिन घर से बाइक लेकर निकला ही था कि स्कूल परिसर से बाहर आ रहे डंपर की चपेट में आ गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई.

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग निर्माणाधीन स्कूल के बाहर एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन किया.स्थानीय निवासी शैलेंद्र राजपूत ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लगे डंपर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जाते हैं. स्कूल और रिहायशी क्षेत्र होने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं. उन्होंने स्पीड ब्रेकर बनाने और भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने की मांग की.

रहवासी और मेन मार्केट में भी बेलगाम रफ्तार से दौड़ रहे डंपर

वार्ड 39 के पार्षद दीपक कुशवाह ने हादसे की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा निर्माण कार्य की अनुमति और सुरक्षा मानकों की भी जांच कराने की मांग की.स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से देर शाम तक रिहायशी क्षेत्र में भारी वाहन तेज गति से दौड़ते हैं, जिससे लगातार हादसों का खतरा बना रहता है. उन्होंने प्रशासन से गति सीमा निर्धारित कर उसका सख्ती से पालन कराने की मांग की.सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त कर लिया. थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

25 साल से हैं सत्ता से बाहर, गुटों में बंटे रहेंगे तो नहीं बनेगी सरकार, एकजुटता पर जोर

- बोले- गुटबाजी छोड़ एकजुट हों कार्यकर्ता, तभी प्रदेश में कांग्रेस की वापसी संभव

नवभारत न्यूज

विदिशा 19 जुलाई, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह राहुल भैया रविवार को विदिशा पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया.

अजय सिंह ने कहा कि वे पिछले कुछ महीनों से प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं और अब तक 40 से अधिक जिलों का भ्रमण कर चुके हैं. उनका उद्देश्य उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय करना है, जो लंबे समय से पार्टी की गतिविधियों से दूर होकर घर बैठे हैं.उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में उन्हें अच्छा अनुभव मिल रहा है और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दोबारा पार्टी से जुड़ रहे हैं. उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद एवं गुटबाजी छोड़कर संगठन हित में एकजुट होकर काम करने की अपील की.अजय सिंह ने कहा, कांग्रेस पिछले करीब 25 वर्षों से प्रदेश की सत्ता से बाहर है. यदि अब भी हम गुटों में बंटे रहेंगे तो सत्ता में वापसी मुश्किल होगी. उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहने और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया.

टीएल बैठक में होगी एक पेड़ माँ के नाम अभियान की समीक्षा

नवभारत न्यूज

विदिशा,जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान की प्रगति की समीक्षा सोमवार, 20 जुलाई को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में की जाएगी. बैठक में वर्ष 2026-27 के वृक्षारोपण लक्ष्य, लगाए गए पौधों की संख्या तथा पिछले दो वर्षों में लगाए गए पौधों की उत्तरजीविता (सर्वाइवल रेट) का विभागवार परीक्षण होगा.जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओ.पी. सनोडिया ने सभी विभाग प्रमुखों, जनपद पंचायतों के सीईओ तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध किए गए वृक्षारोपण की अद्यतन जानकारी और पिछले दो वर्षों के पौधों की उत्तरजीविता का विवरण समय पर निर्धारित गूगल शीट में दर्ज करें.टीएल बैठक में प्रत्येक विभाग की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण, पौधों की देखभाल तथा जीवित पौधों की वास्तविक स्थिति से संबंधित प्रमाणिक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अभियान की प्रगति का सही आकलन किया जा सके.

पेपर लीक मामले को लेकर आम आदमी पार्टी का विरोध मार्च

- शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

नवभारत न्यूज

विदिशा. आम आदमी पार्टी की विदिशा इकाई ने पेपर लीक प्रकरण और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर रविवार को विरोध मार्च निकाला. पार्टी कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की.

पार्टी नेताओं ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे धरने के समर्थन में देश के जाने-माने वैज्ञानिक, शिक्षाविद एवं मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित सोनम वांगचुक भी आमरण अनशन पर बैठे थे. उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें धरना स्थल से हटाकर अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके विरोध में प्रदेशभर में प्रदर्शन किए जा रहे हैं.विदिशा में कार्यकर्ताओं ने माधवगंज चौराहे से तिलक चौक होते हुए गांधी प्रतिमा (नीमताल) तक पैदल मार्च निकाला. इसके बाद गांधी प्रतिमा पर सभा आयोजित की गई.सभा को संबोधित करते हुए पार्टी की अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बेरोजगार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है. उन्होंने कहा कि नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार लोगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई.जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा ने आरोप लगाया कि लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं से विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है. उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए.सभा को प्रमोद शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, नवीन बघेल, अब्दुल अजीम, रजत सक्सेना एवं खुशाल सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया. विरोध मार्च में बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

कोर इंजीनियरिंग शाखाओं की लौटी चमक सैटी में प्रवेश को लेकर बढ़ा उत्साह

नवभारत न्यूज

विदिशा. एसएटीआई में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के बी.टेक. प्रथम वर्ष प्रवेश के प्रथम चरण की काउंसलिंग में विद्यार्थियों का उत्साहजनक प्रतिसाद मिला है. पहले चरण के बाद संस्थान की लगभग 65 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं.संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मनोरिया ने बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ढ्ढष्टञ्जश्व) द्वारा स्वीकृत 780 सीटों में से प्रथम चरण की काउंसलिंग के बाद 540 सीटों पर प्रवेश हो चुका है. इस वर्ष विद्यार्थियों का रुझान केवल कंप्यूटर साइंस तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल जैसी कोर इंजीनियरिंग शाखाओं में भी उल्लेखनीय संख्या में प्रवेश हुए हैं. संचालक डॉ. वाय.के. जैन ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी संकाय, आधुनिक प्रयोगशालाएं और बेहतर प्लेसमेंट के कारण सैटी विद्यार्थियों की पहली पसंद बनता जा रहा है. विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया.रजिस्ट्रार प्रवीण करकरे ने बताया कि द्वितीय चरण की काउंसलिंग के लिए पंजीयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. पात्र विद्यार्थी 22 जुलाई तक ऑनलाइन चॉइस फिलिंग कर सकते हैं. 23 जुलाई को मेरिट सूची जारी होगी, जबकि चयनित विद्यार्थियों को 27 से 30 जुलाई के बीच संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी.प्रवेश प्रभारी डॉ. राजेंद्र दुबे ने विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर चॉइस फिलिंग कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अपील की.

डीएलबीसी शाखा-वार बैठकों का कार्यक्रम जारी

नवभारत न्यूज

विदिशा, जुलाई तिमाही 2026-27 की डीएलबीसी शाखा-वार बैठकें 20 से 24 जुलाई तक बासौदा, नटेरन, कुरवाई, लटेरी और सिरोंज में आयोजित होंगी.बैठकों में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा होगी. बैंकों को अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की बैठक संपन्न, 10 अगस्त तक चलेगा सदस्यता अभियान

नवभारत न्यूज

विदिशा. जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की बैठक करैयाखेड़ा रोड स्थित समाज की धर्मशाला में परिषद अध्यक्ष पं. दीपक तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में आगामी त्रिवार्षिक चुनाव, सदस्यता अभियान और परिषद की विभिन्न गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.

परिषद के सचिव अभिनव तिवारी ने बताया कि सदस्यता अभियान 10 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा. त्रिवार्षिक सदस्यता शुल्क 100 रुपये तथा आजीवन सदस्यता शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है. प्रारंभिक मतदाता सूची 12 अगस्त को प्रकाशित होगी, जबकि दावे-आपत्तियों के बाद अंतिम सूची 16 अगस्त को जारी की जाएगी. नामांकन 23 अगस्त को होंगे और आवश्यकता पड़ने पर 30 अगस्त को मतदान तथा मतगणना कराई जाएगी.

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पं. परशुराम गृह निर्माण सहकारी समिति का संचालन भविष्य में समिति एवं जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा. कॉलोनी में भूमि, प्लॉट और निर्माण कार्यों सहित अन्य व्यवस्थाओं की देखरेख परिषद करेगी तथा कॉलोनी को सर्वसुविधायुक्त बनाने के प्रयास किए जाएंगे.बैठक के अंत में समाज के पूर्व उपाध्यक्ष पं. गोपीराम कटारे, दीपक तिवारी (बस स्टैंड) एवं शानू चौबे के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

रेडीमेड वस्त्र संघ चुनाव, सचिव पद पर अनुज जैन विजयी

व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि पदों पर जुगल किशोर सोनी, चेतन बलेचा और अमित जैन निर्वाचित

नवभारत न्यूज

विदिशा. व्यापार महासंघ से संबद्ध रेडीमेड वस्त्र संघ के चुनाव परिणाम रविवार शाम घोषित कर दिए गए. सचिव पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में अनुज जैन ने 95 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी गर्वित अरोरा को 85 मत मिले.

व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि पदों के लिए हुई मतगणना में जुगल किशोर सोनी को सर्वाधिक 143 मत मिले. चेतन बलेचा को 139 तथा अमित जैन (सामर्थ्य टंडर्स) को 134 मत प्राप्त हुए. वहीं सचिन रावत को पराजय का सामना करना पड़ा.इससे पहले अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित चुनाव में कुल 189 मतदाताओं में से 181 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और इसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए.परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया. समर्थकों ने विजेताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई. व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी व्यापारियों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाएगी.

बसपा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

विदिशा. बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी जियालाल के दौरे के दौरान विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.

बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रूप सिंह पहलवान ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति समर्पित रहकर संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया गया. साथ ही आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठन की रणनीति को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन किया गया.उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका के लिए तैयार करना है. इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया गया.प्रशिक्षण शिविर में पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई. वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, सक्रियता और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत बनाने में योगदान देने का आह्वान किया.

आयोजन एसपी रोहित काशवानी ने नटेरन थाने का किया निरीक्षण, हार्टफुलनेस सत्र के साथ लंबित प्रकरणों व व्यवस्थाओं की समीक्षा

हर रविवार बनेगा थाना परिवार दिवस-योग, निरीक्षण और जनसेवा पर पुलिस का फोकस

नवभारत न्यूज

विदिशा, जिले में पुलिसिंग को अधिक संवेदनशील, अनुशासित और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से रविवार को प्रत्येक रविवारङ्कथाना परिवार अभियान के तहत सभी थाना, चौकी, पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालयों में विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन, आईजी भोपाल (देहात) ज़ोन रुचिवर्धन मिश्र, डीआईजी (देहात) रेंज राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के नेतृत्व में आयोजित इस पहल के तहत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने हार्टफुलनेस योग एवं ध्यान सत्र में भाग लिया तथा थानों की व्यवस्थाओं का व्यापक मूल्यांकन किया.

कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराने के बाद वर्चुअल हार्टफुलनेस योग एवं ध्यान सत्र से हुई। इस दौरान सूक्ष्म व्यायाम, योगासन, प्राणायाम, रिलेक्सेशन और सामूहिक ध्यान कराया गया। साथ ही ध्यान का अभ्यास पुस्तक का वाचन भी किया गया। अधिकारियों ने तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए नियमित योग और ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया.ध्यान सत्र के बाद थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना परिसरों की साफ-सफाई, कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों और उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया। संबंधित एसडीओपी ने भी अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण, महिला संबंधी शिकायतों, जनसुनवाई और कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना नटेरन का निरीक्षण किया.उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, हवालात, अभिलेखों तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रभावी विवेचना, रिकॉर्ड संधारण, स्वच्छ थाना परिसर और संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह ने थाना करारिया तथा एसडीओपी रोशनी सिंह ने थाना पथरिया का निरीक्षण कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की.अभियान के तहत 40 वर्ष से अधिक आयु के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की हेल्थ प्रोफाइल तैयार करने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने पर भी विशेष बल दिया गया. वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को कार्यालयीन अभिलेख अद्यतन रखने, आकस्मिक निरीक्षणों के लिए तैयार रहने तथा आमजन को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.पुलिस विभाग का मानना है कि प्रत्येक रविवार थाना परिवार पहल पुलिसकर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन, कार्यकुशलता, आपसी समन्वय और जनोन्मुखी पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।